प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उ0 प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र,
की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / परिषद / 2023 / 3188 **लखनऊः दिनांकः** 04/08/2023

विषयः विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर– 2023 हेतु शैक्षिक कैलेण्डर के निर्धारण के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विषम सेमेस्टर का सत्र दिनांकः 16 अगस्त, 2023 से प्रारम्भ हो रहा है। विषम सेमेस्टर परीक्षा, दिसम्बर– 2023 हेतु परिषद द्वारा परीक्षा के संचालन के संबंध में प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है। प्रक्रिया निर्धारण / शैक्षिक कैलेण्डर पत्र के साथ संलग्न करते हुए निर्देशित किया जाता है कि शैक्षिक कैलेण्डर में अंकित कार्य योजना हेतु निर्धारित कार्यावधि का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य होगा।

उक्त कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

04/08/2023

(अजीत कुमार मिश्र)
o/c सचिव

पृ0सं0: प्राशिप / परिषद / 2023 / 3189-91 **तद्दिनांकः** 04/08/2023

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0 प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0 प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
o/c सचिव

विषम सेमेस्टर परीक्षा 2023–24 हेतु निर्धारित समय–सारणी

क्र0 सं0	कार्य विवरण	निर्धारित समयावधि
1.	**क.** विषम सेमेस्टर (पठन–पाठन एवं अन्य क्रियाकलाप)	16 अगस्त, 2023 से 16 दिसम्बर, 2023 तक
	ख. वार्षिक पद्धति (पठन–पाठन)	16 अगस्त, 2023 से प्रारम्भ
2.	नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं का पठन–पाठन	15 सितम्बर, 2023 से प्रारम्भ
3.	नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं हेतु नामांकन आवेदनपत्र	15 अक्टूबर, 2023 से 10 नवम्बर, 2023 तक
4.	परीक्षाफार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की तिथि (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर)	15 नवम्बर, 2023 से 25 नवम्बर, 2023 तक
5.	ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से भरे गये आवेदन पत्रों के आधार पर अनुक्रमांक आवंटन सहित नामावली ऑनलाइन जारी करने की तिथि	26 नवम्बर, 2023 से 02 दिसम्बर, 2023 तक
6.	ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि	15 दिसम्बर, 2023 से 20 दिसम्बर, 2023 तक
7.	सेशनल अंको की ऑनलाइन फीडिंग प्रक्रिया	03 दिसम्बर, 2023 से 15 दिसम्बर, 2023 तक
8.	प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम (परीक्षा क्रियान्वयन एवं ऑनलाइन फीडिंग)	17 दिसम्बर, 2023 से 26 दिसम्बर, 2023 तक
9.	सैद्धांतिक परीक्षा	27 दिसम्बर, 2023 से 07 जनवरी, 2023 तक

परिषद विनियमावली– 2016 (प्रथम संशोधन) के विनियम–3(क) में वर्णित शैक्षिक कैलेण्डर के अनुसार प्रत्येक सेमेस्टर में न्यूनतम 90 प्रभावी शैक्षणिक दिन होने का प्राविधान है। इस प्रकार 16 अगस्त, 2023 से 16 दिसम्बर, 2023 तक के विषम सेमेस्टर में लगभग 31 सार्वजनिक अवकाश (रविवार सहित) हैं, और 90 प्रभावी शैक्षणिक दिन कक्षाएं संपादित होंगी।

04/08/2023

(अजित कुमार मिश्र)
सचिव